महाराणा प्रताप महाविद्यालय
5-1-23
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 103

# B.A. I[st] SEMESTER EXAMINATION, 2022-23

# HINDI

## (Hindi Kavya-II)

## (3+0)

## (CBCS MODE)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**8037**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures)

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________

Roll No. (In Words) : ____________________

**Time : 1 Hour** — **Max. Marks : 60**

**समय : 1 घण्टा** — **अधिकतम अंक : 60**

**नोट : पुस्तिका में 40 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

### Important Instructions :

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

### महत्वपूर्ण निर्देश :

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. आधुनिक काल को 'गद्यकाल' कहा गया :

(A) मिश्रबंधु द्वारा

(B) रामचंद्र शुक्ल द्वारा

(C) गणपति चंद्र गुप्त द्वारा

(D) इनमें से कोई नहीं

2. आधुनिक काल को 'प्रथम उत्थान' की संज्ञा दी है :

(A) डॉ० रामविलास शर्मा ने

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

(C) रामचन्द्र शुक्ल ने

(D) इनमें से कोई नहीं

3. 'पै धन विदेश चलि जात यहै अति ख्वारी' प्रसिद्ध पंक्ति है :

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की

(B) राधाचरण गोस्वामी

(C) बद्री नारायण चौधरी

(D) राधाकृष्ण दास

4. निम्नलिखित में से किसका सम्पादन भारतेन्दु ने नहीं किया है :

(A) बालाबोधिनी

(B) हिन्दी प्रदीप

(C) कविवचन सुधा

(D) हरिश्चन्द्र मैगजीन

5. निम्न में से कौन द्विवेदी – युग का कवि नहीं है :

(A) श्रीधर पाठक

(B) रामनरेश त्रिपाठी

(C) मैथिलीशरण गुप्त

(D) प्रतापनारायण मिश्र

6. खड़ी बोली में लिखा गया प्रथम महाकाव्य है :

(A) साकेत

(B) प्रियप्रवास

(C) चुभते चौपदे

(D) इनमें से कोई नहीं

7. 'छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है' कथन है :

(A) डॉ० नगेन्द्र का

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी का

(C) रामचंद्र शुक्ल का

(D) नंददुलारे बाजपेयी का

8. निम्नलिखित में से कौन–सी रचना हरिऔध की नहीं है :

(A) रसकलश

(B) वैदेही वनवास

(C) चोखे चौपदे

(D) पंचवटी

9. "नील परिधान बीच सुकुमार" पंक्ति कामायनी के किस सर्ग की है :

(A) आशा

(B) लज्जा

(C) श्रद्धा

(D) इड़ा

10. जयशंकर प्रसाद कृत "कामायनी" महाकाव्य में सर्गों की संख्या है :

(A) 7

(B) 10

(C) 12

(D) 15

11. निम्नलिखित में से निराला की कविता नहीं है :

(A) राम की शक्तिपूजा

(B) तोड़ती पत्थर

(C) प्रेम पथिक

(D) संध्या सुन्दरी

12. 'ब्रज के लता पता मोहिं कीजै'। प्रसिद्ध पंक्ति है :

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की

(B) प्रतापनारायण मिश्र की

(C) सोहनलाल द्विवेदी की

(D) जयशंकर प्रसाद की

13. 'दिवस का अवसान समीप था।

गगन था कुछ लोहित हो चला।'

प्रसिद्ध पंक्ति निम्न में से किस रचना से उद्धृत है :

(A) कामायनी से

(B) प्रियप्रवास से

(C) रामचरितमानस से

(D) इनमें से कोई नहीं

14. प्रसाद जी द्वारा रचित 'कामायनी' पर किस दर्शन का प्रभाव है ?

(A) वैष्णव

(B) शाक्त

(C) शैव

(D) इनमें से कोई नहीं

15. निम्न रचनाओं को प्रकाशन वर्ष के आधार पर बढ़ते हुए क्रम से लगाएं :

(A) अणिमा, कुकुरमुत्ता, तुलसीदास, गीतिका

(B) गीतिका, अणिमा, तुलसीदास, कुकुरमुत्ता

(C) गीतिका, अनामिका, तुलसीदास, कुकुरमुत्ता

(D) अनामिका, तुलसीदास, गीतिका, कुकुरमुत्ता

16. "तिमिरांचल में चंचलता का नहीं कहीं आभास।

मधुर–मधुर हैं दोनों उसके अधर।"

प्रसिद्ध पंक्ति में 'तिमिरांचल' का अर्थ है :

(A) प्रकाश रूपी आँचल

(B) अंधकार रूपी आँचल

(C) प्रकाश रूपी क्षेत्र

(D) इनमें से कोई नहीं

17. 'प्रकृति के सुकुमार कवि' के नाम से जाना जाता है :

(A) प्रसाद को

(B) पंत को

(C) निराला को

(D) महादेवी वर्मा को

18. 'मौन निमंत्रण' कविता के रचनाकार हैं :

(A) प्रसाद

(B) निराला

(C) पंत

(D) हरिवंश राय बच्चन

19. 'आधुनिक युग की मीरा' के नाम से जाना जाता है :

(A) सुभद्राकुमारी चौहान को

(B) महादेवी वर्मा को

(C) उषा प्रियंवदा को

(D) इनमें से कोई नहीं

20. 'तारसप्तक' के सम्पादक थे :

(A) मुक्तिबोध

(B) प्रसाद

(C) निराला

(D) अज्ञेय

21. निम्नलिखित में से कौन–सी रचना मुक्तिबोध की नहीं है :

(A) भूल गलती

(B) अँधेरे में

(C) बादल को घिरते देखा है

(D) ब्रह्म राक्षस

22. यह छायावादी काव्य की विशेषता नहीं है :

(A) रहस्यवाद

(B) रीतिबद्धता

(C) प्रकृति का मानवीकरण

(D) स्वानुभूति की विवृति

23. "पिय प्यारे तिहारे निहारे बिना आँखियाँ दुखियाँ नहिं मानती हैं।" पंक्ति के रचयिता हैं :

(A) हरिऔध

(B) भारतेन्दु

(C) निराला

(D) मैथिलीशरण गुप्त

24. निम्नलिखित में से भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की रचना नहीं है :

(A) प्रेम सरोवर

(B) श्यामा

(C) प्रेम माधुरी

(D) फूलों का गुच्छा

25. प्रसाद जी का खड़ी बोली में लिखा प्रथम काव्य –संग्रह है :

(A) चित्राधार

(B) कानन कुसुम

(C) झरना

(D) लहर

26. प्रगतिवादी काव्यधारा के कवि नहीं हैं :

(A) केदारनाथ अग्रवाल

(B) मुक्तिबोध

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) नागार्जुन

27. इनमें से कौन छायावादी की प्रवृत्ति नहीं है :

(A) प्रकृति – चित्रण

(B) वैयक्तिक अनुभूति

(C) वेदना एवं करूणा की अभिव्यक्ति

(D) शोषक वर्ग के प्रति सहानुभूति

28. प्रगतिवाद का आंरभ माना जाता है :

(A) 1934 ई० से

(B) 1935 ई० से

(C) 1936 ई० से

(D) 1938 ई० से

29. प्रगतिवाद की प्रवृत्तियाँ हैं :

(A) पूँजीवादी व्यवस्था के प्रति घृणा

(B) क्रांति का आह्वान

(C) प्राचीन रूढ़ियों का विरोध

(D) उपर्युक्त सभी

30. महादेवी वर्मा का प्रथम काव्य–संग्रह है :

(A) नीहार

(B) रश्मि

(C) नीरजा

(D) सांध्यगीत

31. 'नहीं छायादार

पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार

श्याम तन, भर बँधा यौवन

नत नयन, प्रिय–कर्म–रत मन

गुरू हथौड़ा हाथ

करती बार–बार प्रहार।

प्रसिद्ध पंक्ति किस कवि की है :

(A) निराला की

(B) महादेवी की

(C) जयशंकर प्रसाद की

(D) सुमित्रानंदन पंत की

32. प्रयोगवाद के पुरस्कर्ता हैं :

(A) निराला

(B) मुक्तिबोध

(C) अज्ञेय

(D) नेमिचंद जैन

33. 'विचार आते हैं

लिखते समय नहीं

बोझ ढ़ोते वक्त पीठ पर।'

प्रसिद्ध पंक्ति है :

(A) गजानन माधव मुक्तिबोध की

(B) अज्ञेय की

(C) निराला की

(D) सुमित्रानंदन पंत की

34. 'मुझे भ्रम होता है, कि प्रत्येक पत्थर में चमकता हीरा है,

हर–एक छाती में आत्मा अधीरा है,

प्रत्येक सुस्मित में विमल सदानीरा है'।

प्रसिद्ध पंक्ति में सुस्मित' का अर्थ है :

(A) मुस्कान

(B) सुगंध

(C) वातावरण

(D) सुंदर मुस्कान

35. 'अच्छी कुंठा–रहित इकाई
साँचे –ढले समाज से,
किस कविता की पंक्ति है ?

(A) मौन–निमंत्रण

(B) साम्राज्ञी का नैवेद्य–दान

(C) अच्छा खंडित सत्य

(D) नदी के द्वीप

36. 'प्रथम रश्मि का आना रंगिणि !
तूने कैसे पहचाना ?
कहाँ, कहाँ हे बाल–विहंगिनि !
पाया तूने वह गाना।'
प्रसिद्ध कविता का शीर्षक है :

(A) रश्मि

(B) प्रथम रश्मि

(C) मौन–निमंत्रण

(D) मोह

37. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' चर्चित कविता है :

(A) मुक्तिबोध की

(B) अज्ञेय की

(C) शमशेर की

(D) भवानी प्रसाद मिश्र की

38. 'और देखा वह सुंदर दृश्य नयन का इंद्रजाल अभिराम,
कुसुम वैभव में लता समान चंद्रिका से लिपटा घनश्याम।'
उपर्युक्त पंक्तियों में किसका सौदंर्य वर्णन निरूपित है :

(A) प्रकृति का

(B) हिमालय का

(C) श्रद्धा का

(D) मनु का

39. उषा सुनहले तीर बरसती जयलक्ष्मी–सी उदित हुई,
उधर पराजित कालरात्रि भी जल में अंतर्निहित हुई।
प्रसिद्ध पंक्ति है :

(A) आशा सर्ग से

(B) चिन्ता सर्ग से

(C) श्रद्धा सर्ग से

(D) इनमें से कोई नहीं

40. 'हे महाबुद्ध
मैं मंदिर मे आयी हूँ
रीते हाथ,
फूल मैं ला न सकी।'
प्रसिद्ध पंक्ति में 'रीते हाथ' से तात्पर्य है :

(A) भरा–पूरा हाथ

(B) खाली हाथ

(C) बलिष्ठ हाथ

(D) इनमें से कोई नहीं

*****